भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 20.07.2023

आरेडिका की रेल महिला कल्याण संगठन की महिलाओं ने किया वृक्षारोपण।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली में दिनांक 19.07.2023 को वृक्षारोपण अभियान के तहत अधिकारी विश्रामगृह परिसर में आरेडिका रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा श्रीमती भारती मिश्रा ने संगठन की सदस्याओं के साथ नारियल, करंज और जामुन के 240 फलदार एवं छायादार का वृक्षों का रोपण किया।

यह वृक्षारोपण कार्यक्रम श्रीमती मिश्रा के अध्यक्षता में किया गया। वृक्षारोपण के लिए रेल महिला कल्याण संगठन की सदस्याओं तथा रेल महिला कर्मचारियों ने श्रमदान के माध्यम से वृक्षारोपण का कार्य किया।

आगे इसी कड़ी में श्रीमती मिश्रा ने महिला कल्याण से जुड़ी योजनाओं के तहत आरेडिका रायबरेली में कार्यरत रेल महिला कर्मचारियों को स्वस्थ्य एवं स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया एवं बताया कि बरसात के मौसम में संक्रामक रोगों के फैलने की ज्यादा संभावना होती है जो हमारे जीवन पर आर्थिक तथा शारीरिक रुप से प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए महिलाओं के लिए 1500 सेनेटरी पैड का वितरण किया साथ ही महिलाओं को इसके इस्तेमाल के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर आरेडिका के महिला संगठन की पदाधिकारी श्रीमती हरमिंदर कौर कलसी, श्रीमती नीलिमा कटियार, श्रीमती विजया, श्रीवास्तव श्रीमती, अनुराधा, श्रीमती अनुपमा कपूर, श्रीमती विन्दु मौर्या, श्रीमती बीना तिवारी, श्रीमती रमापाल सिंह, श्रीमती गीता बीका एवं रेल महिला कर्मचारियों ने वृक्षारोपण में सहभागिता की।

20.7.2023

(आर.एन.तिवारी)
मुख्य जन संपर्क अधिकारी